मामूली विवाद में दोस्त ने दोस्त को उतारा मौत के घाट

शराब पार्टी के दौरान किये गये फरसे से कई वार, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र मंदसौर मिल में मामूली बात को लेकर हुए विवाद में एक दोस्त ने दोस्त पर फरसे से हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान हो गया। वहीं घटना की जानकारी लगने पर मौके पर पहुंचे परिजनों द्वारा उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, जहां उसने दमतोड़ दिया। तो वहीं मारपीट के बाद हुई हत्या की जानकारी लगने के बाद पुलिस आरोपी की तलाश शुरू की गई। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार विक्की पुत्र नरेश बाल्मीक मोहल्ले में ही बैठकर पार्टी कर रहे थे, इसी बीच गोलू मीना आया और पीछे आकर उस फरसे से हमला कर दिया। जिससे वह लहू लुहान होकर वहीं गिर गया। बताया जा रहा है कि

आरोपी द्वारा मृतक के सिर पर कई बार किए गए। जिससे उसके सिर में काफी गहरी चोटे आई। वहीं घटना की जानकारी लगने के बाद मौके पर पहुंची परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल लाए, जहां उसकी मौत हो गई।

पुरानी रंजिश को लेकर की हत्या:

मृतक के भाई लखन बाल्मीक ने बताया कि उनके और गोलू मीन का कुछ दिन पूर्व विवाद हो गया था, जिसके चलते वह पुरानी खुन्नस मन में बैठाए हुए थे, जिसके चलते उसने अचानक से उस पर हमला बोल दिया, जिसमें उनके भाई की जान चलीं गई। वहीं उन्होंने बताया कि उनका भाई इंदौर में काम करता था और

शुक्रवार को वह इंदौर ही जाने वाला था, इसी बीच उसे मौत के घाट उतार दिया गया।

मोहल्ले में अनैतिक क्रिया-कलाप के कारण हुई हत्या:

मृतक के भाई लखन बाल्मीक सहित अन्य लोगों ने बताया कि मोहल्ले अनैतिक क्रिया कलाप होते है, जिससे आए दिन झगड़े होते रहते है। वहीं उन्होंनें बताया कि उनके भाई और गोलू मीना का किसी महिला को लेकर विवाद हो गया और यह विवाद इतना बड़ा की मारपीट तक बात पहुंच गई। उस दौरान तो समझाइस हो गई, लेकिन आरोपी गोलू मीना ने घात लगाकर उस अचानक से हमला कर दिया।

राजस्थान भागने की फिराक में था आरोपी:

गुरूवार की देर रात्रि में हुई मारपीट और उसके बाद हत्या के बाद आरोपी गोलू मीना राजस्थान की ओर भागने की फिराक में था, जिसे कोतवाली पुलिस ने गुना पुलिस की मद्द से घेराबंदी कर पकड़ लिया। तो वहीं शुक्रवार की सुबह पुलिस ने मृतक के शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। वहीं आरोपी को चंद घंटो में गिरफ्तार करने में निरीक्षक रवि प्रताप सिंह चौहान, उप निरीक्षक मनीष गुर्जर, जंगबहादुर सिंह तोमर, प्रधान आरक्षक पंकज तिवारी, दिनेश कुशवाह, भागीरथ, आरक्षक अवनीश, विशाल, अभयराज, गौरव, पवन बघेल, रविन्द्र, श्रीकांत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

रेट से 10 रुपये ज्यादा लेने पर दुकानदार पर लगा 11 हजार का जुर्माना

दीवार घड़ी खरीदने पर सेल के नाम पर लिये थे रुपये

उपभोक्ता विवाद प्रतितोषणा ने लगाया जुर्माना

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग ने एमआरपी से अधिक मूल लेने के मामले की सुनवाई करते हुए दुकानदार पर जुर्माना लगाया है, यह जुर्माना दुकानदार द्वारा रेट से 10 रूपये ज्यादा लेने पर लगाया गया, आयोग द्वारा दुकानदार पर 11 हजार 10 रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

दरअसल जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग अशोकनगर द्वारा एक प्राप्त परिवाद में आवेदक को अनावेदक किशोर वॉच हाउस प्रोपराइटर द्वारा एक दीवार घड़ी के क्रय में एमआरपी से ज्यादा पैसे लेने पर 11010 रूपये का अर्थदंड दिया है। विदित हो कि आवेदक द्वारा अपने घरेलू उपयोग हेतु दिनांक 12 मई 2025 को अनावेदक किशोर वॉच हाउस से अजंता की दीवार घड़ी 550 में क्रय की गई थी, जबकि घड़ी की वास्तविक मूल्य 540 था, अनावेदक के अनुसार उसके द्वारा 10 रूपये अतिरिक्त घड़ी सेल लगाने के एवज मे लिए गए हैं। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग अशोक नगर ने अनावेदक के बिल को आधार मानते हुए पाया कि उनके द्वारा घड़ी का बिल एवं सेल का बिल पृथक नहीं किया जो अनवी तक द्वारा आवेदक के प्रति अनुचित व्यापार प्रक्रिया अपनाकर उसे आर्थिक मानसिक व शारीरिक क्षति पहुंचाई गई है और इस आहट को क्षतिपूर्ति हेतु अनावेदक को आदेश किया गया है कि वह दो माह के अंदर क्षतिपूर्ति राशि आवेदक को दे।

एक नजर में

वरिष्ठ नागरिक परिसंघ संगठन विस्तार के लिए चलायेगा सदस्यता अभियान

नवभारत अशोकनगर। गौशाला स्थित सरस्वती स्कूल पर वरिष्ठ नागरिक परिसंघ से सबंध भारतीय मजदूर संघ जिला बैठक का आयोजन शुक्रवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता परिसंघ के जिलाध्यक्ष माधव सिंह रघुवंशी ने की। तो वहीं कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री हरि सिंह रघुवंशी (हैरी) एव वरिष्ठ नागरिक परिसंघ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रामवीर सिंह रघुवंशी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का शुभारंभ संगठन के गीत के साथ किया गया और इसके बाद महेंद्र शर्मा द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष पर विस्तार से जानकारी दी। तो वहीं संघ का पहला पथ संचलन अच्छी तरीके से संपन्न हुआ, जिसमें लोगों ने बढ़कर भाग लिया और दूसरा कार्यक्रम घर-घर संपर्क अभियान नवंबर माह में चलेगा। इसके बाद तीसरा कार्यक्रम हिन्दू सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। वहीं रामवीर सिंह रघुवंशी द्वारा संगठन के विस्तार एवं सदस्यता पर जोर देते हुए कहा कि हमें संगठन विस्तार कर अधिक से अधिक संगठन के सदस्य सदस्यता करके बनना चाहिए और प्रत्येक माह बैठक का आयोजित करना चाहिए। वहीं मुख्य अतिथि हरिसिंह रघुवंशी ने पंच परिवर्तन नागरिक कर्तव्य, स्वदेशी,पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन और समरसता आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस मौके पर बड़ी संख्या में परिसंघ के सदस्य उपस्थित रहे।

लापरवाही बरतने वाले दो रोजगार सहायकों की सेवा समाप्ति के आदेश

नवभारत अशोकनगर। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन द्वारा शासकीय कार्यो में लापरवाही,पदीय कर्तव्यो एवं दायित्वों के प्रति गंभीर लापरवाही,उदासीनता एवं अनुशासन हीनता बरतने पर दो रोजगार सहायकों की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई है। जारी आदेशानुसार जनपद पंचायत ईसागढ़ के ग्राम पंचायत कालाबाग के रोजगार सहायक मनोज ओझा, ग्रामपंचायत भैसरवास के ग्राम रोजगार सहायक अखण्ड प्रताप सिंह की संविदा सेवा तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई है।

भारत स्काउट गाइड जिला संघ ने मनाया स्काउट गाइड का स्थापना दिवस

नवभारत अशोकनगर। भारत स्काउट गाइड जिला संघ अशोकनगर ने शुक्रवार क़ो भारत स्काउट गाइड के स्थापना दिवस के अवसर पर सर्व प्रथम कलेक्टर आदित्य सिंह क़ो दया सिंह सन्धु जिला मुख्य आयुक्त ने स्कार्फ पहना कर व मनोज जैन अध्यक्ष ने स्काउट गाइड का ध्वज लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। कलेक्टर ने इस अवसर सहयोग राशी भी भेंट की इसी क्रम में पूर्व विधायक जजपाल सिंह जज्जी,जिला शिक्षा अधिकारी सीएस सिसोदिया, सहायक संचालक एनीश जैन,अबधेश शर्मा हैड क़्वार्टर कमिशनर,हितेन्द्र बुधोलिया, अरविन्द जैन, कुलदीप रघुवंशी स्काउटर व नितिन भार्गव ऑपरेटर तथा स्थानीय स्कूल के छात्र- छात्राएं एवं स्काउट-गाइड सभी ने उपस्थित होकर स्काउट गाइड का स्थापना दिवस मना कर सहयोग राशी प्राप्त की ।

खिरिया तेल में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

नवभारत अशोकनगर। जिले के ग्राम खिरिया तेल में विभिन्न देवों की प्राण प्रतिष्ठा की जा रहीं है, जिसके चलते श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसका शुभारंभ शुक्रवार को कलश यात्रा के साथ किया गया। यह कलश यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर गांव के विभिन्न मार्गो से होते हुए कथा स्थल पहुंची, जहां पर विधिविधान के साथ पूजा अर्चना कर व्यास गददी को विराजमान किया गया। तो वहीं बाल व्यास पंडित रामकृष्ण महाराज द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि परमाल सिंह यादव एवं राकेश यादव द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की जा रहीं है, जिसकी पूजा अर्चना के बाद हवन पूजन किया गया।

श्रीराम ने किया अहिल्या का उद्धार

नवभारत अशोकनगर। अंबेडकर भवन स्थित रामलीला मंच पर श्रीराम सिद्ध कला परिषद द्वारा 15 दिवसीय रामलीला महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें तीसरे दिन श्रीराम जन्मोत्सव से लेकर अहिल्या उद्धार की लीला का मंचन किया गया।

परिषद के सचिव पीयूष पाराशर ने बताया राम जन्म के पश्चात चारों राजकुमार का नामकरण संस्कार हुआ, चारो राजकुमारों को गुरुकुल में जाकर शिक्षा अर्जित करने गए और कम समय में ही सारी शिक्षा प्राप्त कर ली। इसके बाद सुवाहु और मारिछ द्वारा मुनी विश्वामित्र के यज्ञ का विध्यवस किया गया तब मुनिराज द्वारा राजा दशरथ के पास जाकर उनके दोनो पुत्र राम वा लक्ष्मण साथ लिवा लाए और रास्ते में श्रीराम ने ताड़का, सुभाऊ वध किया। वहीं मारीछ को भगवान ने बिना नुक वाला तीर मार कर सो योजन दूर जा गिरा दिया। इस के बाद विश्वामित्र दोनो राजकुमार को लेकर जनकपुर की ओर निकले रास्ते में गंगा जी की उत्पत्ति का रहस्य बताया गया। वहीं अहिल्या जी का उद्धार भगवान श्रीराम द्वारा किया गया।

SIR : बीएलओ घर-घर जाकर भरेंगे गणना पत्रक

वर्ष 2003 की मतदाता सूची से होगा मिलान,कलेक्टर ने प्रेस कांफ्रेन्स में दी जानकारी

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आदित्य् सिंह द्वारा शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में प्रेस कान्फ्रेंस के माध्यम से निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम की जानकारी दी गई। प्रेस कांफ्रेस में कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि जारी कार्यक्रम के अनुसार 4 नवंबर से विशेष गहन पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ हो गया है। बीएलओ 4 दिसबर तक घर-घर सर्वे कर गणना प्रपत्र तैयार किये जा रहे है। इसके उपरांत 9 दिसंबर को मतदाता सूचियों के प्रारूप का प्रकाशन होगा तथा 9 दिसंबर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां ली जायेगी। 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक की अवधि में सुनवाई एवं सत्यापन का कार्य किया जायेगा। इसके उपरांत 7 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जायेगा। तीन

विधानसभा क्षेत्रों के अंतर्गत 788 मतदान केन्द्र है। विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य हेतु 788 बीएलओ तथा 79 बीएलओं सुपरवाईजर नियुक्त किये गए है। बीएलओं मतदाताओं को दो गणना पत्रक वितरित करेगें। मतदाता को अपना नाम,परिजन का नाम जो बर्ष 2003 की मतदाता सूची अनुसार मिलान करेगें। मतदाता या बीएलओं मिलान/लिकिंग के लिये पिछले एसआईआर के डाटावेस की सहायता ले सकेगें। नये मतदाता का नाम जोडने के लिये फार्म 6 और घोषण प्रपत्र एकत्र करेगें। मतदाता को गणना प्रपत्र भरने में एवं एकत्र में सहायता करेगें। प्रत्येक मतदाता के घर पर कम से कम तीन बार जायेगें। बीएलओं ऐसे मतदाताओं की पहचान करेगें जो मृत है,स्थाई रूप से स्थानांरित हो गए या एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत है। उन्होंने कहा कि कोई पात्र नागरिक न छूटे और कोई भी अपात्र व्यक्ति सम्मिलित न हो। उन्होंने बताया कि जिले में 55 नये मतदान केन्द्रों के प्रस्ताव भारत निर्वाचन आयोग को स्वीकृति हेतु भेजे गये है। उन्होंने बताया कि 28 अक्टूबर 2025 की स्थिति में जिले में कुल 06 लाख 45 हजार 478 मतदाता तथा 84 सर्विस वोटर है। विधानसभा 032 अशोकनगर में कुल 02 लाख 23 हजार 410 मतदाता है। जिसमें 01 लाख 15 हजार 490 पुरूष मतदाता,01 लाख 07 हजार 909 महिला मतदाता तथा 11 थर्ड जेण्डर मतदाता है। साथ ही 33 सर्विस मतदाता है। विधानसभा 033 चंदेरी में कुल 02 लाख 02 हजार 236 मतदाता है। जिसमें 01 लाख 4 हजार 970 पुरूष मतदाता,97 हजार 261 महिला मतदाता तथा 05 थर्ड जेण्ड र मतदाता है। साथ ही 26 सर्विस मतदाता है। विधानसभा 034 मुंगावली में कुल 02 लाख 19 हजार 832 मतदाता है। जिसमें 01 लाख 14 हजार 709 पुरूष,01 लाख 5 हजार 118 महिला तथा 05 थर्ड जेण्डर मतदाता शामिल है। साथ ही 25 सर्विस वोटर मतदाता है। इस दौरान उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के अनुसार शुद्ध मतदाता सूची, मतदाता की पात्रता,पहचान पत्रों के संबंध में विस्तृ से जानकारी दी।

विद्यार्थियों को दी कानून सहित गुड टच और बैड टच की जानकारी

मुस्कान अभियान के तहत हुआ कार्यक्रम

पुलिस और बाल कल्याण समिति ने किया आयोजन

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। पुलिस एवं बाल कल्याण समिति द्वारा मुस्कान अभियान के अंतर्गत सांदीपनि विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें बालक- बालिकाओं में आत्म-सुरक्षा, कानूनी अधिकारों एवं साइबर जागरूकता संबंधी जानकारी दी।

इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं बाल कल्याण समिति के सदस्यों द्वारा बच्चों से सरल एवं संवादात्मक शैली में चर्चा की। वहींविद्यार्थियों को गुड टच और बैड टच के बारे समझाते हुए बताया कि किसी भी अनुचित स्पर्श या व्यवहार की स्थिति में तुरंत अपने अभिभावक, शिक्षक अथवा पुलिस को सूचित करना चाहिए। प्रोजेक्टर के माध्यम से गुड टच, बैड टच संबंधी विषय पर आधारित शार्ट फिल्म कोमल दिखाई गई। साथ ही, पॉक्सो अधिनियम के प्रावधानों की जानकारी देते हुए बताया गया कि यह अधिनियम बच्चों को लैंगिक अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है और अपराधियों पर कठोर दंड का प्रावधान करता है। कार्यक्रम में बाल अधिकार, बाल विवाह निषेध अधिनियम, बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, तथा भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की जानकारी दी गई। तो वहीं विद्यार्थियों ने द्वारा पूछे प्रश्न का पुलिस अधिकारियों एवं समिति सदस्यों ने सहज व व्यवहारिक उत्तर दिए। संवादात्मक माहौल में बच्चों ने सुरक्षा संबंधी अपनी जिज्ञासाएं खुलकर साझा कीं, जिससे उनमें आत्मविश्वास एवं जागरूकता की भावना का विकास हुआ। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा, एएसपी गजेंद्र सिंह जी कँवर, एसडीओपी विवेक शर्मा, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष बृज किशोर शर्मा, कुमार संभव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

भाजपा के जिला कार्यालय पर हुआ वंदे मातरम गान

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के निर्देशन में शुक्रवार को वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम जिला कार्यालय पर आयोजित किया गया इस दौरान वंदे मातरम का गायन किया गया। उक्त आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिला मीडिया प्रभारी डॉ हरवीर सिंह रघुवंशी ने कि 7 नवंबर को जिला कार्यालय पर वंदे मातरम 150 अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा मंडल अध्यक्ष सलिल त्रिपाठी के नेतृत्व में वंदे मातरम का गायन किया गया। इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता पार्षद

डॉ जय मंडल सिंह यादव, हितेंद्र बुधोलिया ने राष्ट्रगान पर अपने प्रबोधन में बताया कि इसमें मातृभूमि की वंदना के साथ देश के वैभव का यश गान किया गया है। जिससे देशभक्ति की भावना जागृत होती है। आज से डेढ़ सौ वर्ष पूर्व 7 नवंबर को आजादी आंदोलन के दौरान स्वर्गीय बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा देश के लोगों में राष्ट्रभक्ति की भावना को जागृत करने, स्वतंत्रता सेनानियों में जोश भरने के लिए यह रचना की गई थी।

स्वदेशी अपनाने से ही सच होगा आत्मनिर्भर का सपना

नवभारत न्यूज

मुंगावली। शुक्रवार को पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय परिसर में वंदे मातरम् गीत के 150 वर्ष पूर्ण होने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रव्यापी स्मरणोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक श्री यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। तो वहीं उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और अतिथियों ने सामूहिक रूप से भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम का गायन किया। इस अवसर पर विधायक ब्रजेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि वंदे

मातरम् केवल एक गीत नहीं बल्कि यह हमारी मातृभूमि के प्रति समर्पण, सम्मान और एकता का प्रतीक है। आज जब हम इसके 150 वर्ष मना रहे हैं तब हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। इसके उपरांत विधायक ने हर घर स्वदेशी - घर घर स्वदेशी अभियान के अंतर्गत उपस्थित जनसमूह को स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग हेतु शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का सपना तभी साकार होगा जब हम अपने घरों में स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करेंगे।

कार्यक्रम

थूबोन में आयोजित मौजी बंधन कार्यक्रम का शुभारंभ

देशभर से आए भक्तों के सिर पर किया गया संस्कारों का बीजारोपण

नवभारत न्यूज

अशोकनगर। संत शिरोमणि आचार्यश्री विद्यासागर महाराज के 53 वे आचार्य पद दिवस पर अंचल के सबसे बड़े तीर्थ थूवोनजी में निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागर महाराज ससंघ के सान्निध्य में शुक्रवार दोपहर में मौजी बंधन का शुभारंभ किया गया। इस दौरान आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का 53 वा आचार्य पद दिवस समारोह में भक्तो द्वारा आचार्य भगवंत की 53 दीपों से आरती की गई। इसके पहले प्रात: काल की वेला में भगवान की महा पूजन की गई एवं जगत कल्याण की कामना के लिए महा शान्ति धारा की गई।

संसार में कभी कोई व्यक्ति पूर्णता को धारण कर ही नहीं

सकता

इस दौरान मुनि पुंगव श्रीसुधासागर महाराज ने कहा कि संसार में कभी कोई व्यक्ति पूर्णता को धारण कर ही नहीं सकता, इसलिए तुम अपने उपादान को हर परिस्थिति से निपटने के लिए तैयार रखो। सारी दुनिया प्रभु के पास आती है संकट दूर करने के लिए संकट मोचन तुम्हारे लिए थोड़ी राहत दे देंगे वह भक्ति है इसमें कोई संदेह नहीं है, लेकिन इससे स्थाई समाधान नहीं निकला मैं तो हमेशा पढ़ता रहता हूं बल्कि पढ़ता कम हूं खोजता रहता हूं स्थाई समाधान का कोई मंत्र नहीं मिला। हम स्वस्थ होते हैं फिर कभी बीमार पड़ जाये है। मैं भी नहीं ढूंढ पाया यदि तुम्हारे लिए उसी से उपदेश सुनेगा जो उसके पास है। केवल ज्ञान पाने का रास्ता केवली से जाने मुनि बनकर मुनि गनने का रास्ता जानू ये नहीं हो सकता देने की बात आई तो कहा गया है कि कुपात्र को मत देना, लेने की बात आये तब कहा गया जो जिससे भी मिले ले लेना, गाय अपने घांस से मतलब रखती है घांस किसने डाला है उससे उसे कोई मतलब नहीं है । जैसे कीचड़ में सोना पड़ा है तुम अच्छी तरह नाह धोकर आयें हो फिर भी मन उसी सोने पर जायेगा, मैं अपनी सुना देता हूं मैं गिरनार की यात्रा पर जा रहा था एक घोंघा बीच पड़ता है समुद्र में दो किलोमीटर तक आता है और फिर वापिस चला जाता है दो किलोमीटर पानी वापस चला जाता है उस समुद्र की शिला पर बैठ गया।

समुद्र की लहर में एक मूगा रत्न आ गया मन में आया कि भक्त से कह दें लेकिन मन हार गया मैं जीत गया जब महाराज का मन डोल सकता है तो आप हाथ भले हिलाते रहो सोने को देखकर ललचा जाओगे ज्ञान सोना है सोना इसलिए श्री राम ने लक्ष्मण को रावण के पास ज्ञान लेने भेज दिया, श्री राम जानते थे रावण पापी है अत्याचारी था फिर भी अपने छोटे भाई को विनय करते हुए ज्ञान लेने को भेज दिया।

// विज्ञप्ति //
न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी, अनुभाग अशोकनगर (मप्र)
प्रकरण क्रमाक/0112/अपील/2022-23/789
अशोकनगर, दिनांक 25/09/2025
1. श्रीमति लक्ष्मीबाई वेवा पत्नि प्रभुदयाल सेलर जाति केवट निवासी पोस्ट ऑफिस कॉलोनी स्टेशन रोड अशोकनगर हाल निवासी ग्राम बहादुरपुर तहसील बहादुरपुर जिला अशोकनगर (मप्र)
----------अपीलार्थी
बनाम
विक्रेता राजेश गुप्ता फोत के वारसान
1. श्रीमति मंजू वेवा पत्नि स्व राजेश गुप्ता
2. अभिनय गुप्ता नाबालिग पुत्र स्व. राजेश गुप्ता
3. राधिका गुप्ता नाबालिग पुत्री स्व. राजेश गुप्ता सर.प. मां स्वयं श्रीमति मंजू वेवा पत्नि स्व: राजेश गुप्ता
विक्रेता गोपाल गुप्ता फोत के वारसान
1. श्रीमति रूबी गुप्ता वेवा पत्नि गोपाल गुप्ता
2. विशाल गुप्ता नाबालिग पुत्र स्व. गोपाल गुप्ता
3. अमन नाबालिग पुत्र स्व गोपाल गुप्ता नाबालिगों की ओर से सर.प. मां स्वयं श्रीमति रूबी गुप्ता वेवा पत्नि गोपाल गुप्ता निवासी सुभाषगज अशोकनगर तहसील व जिला अशोकनगर (मप्र)
----------रेस्पोडेंटजन
(पक्षकारों की उपस्थिति हेतु विज्ञप्ति सूचना)
एतत् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्रीमति लक्ष्मीबाई वेवा पत्नि प्रभुदयाल सेलर जाति केवट निवासी पोस्ट ऑफिस कॉलोनी स्टेशन रोड अशोकनगर हाल निवासी ग्राम बहादुरपुर तहसील बहादुरपुर जिला अशोकनगर (मप्र) द्वारा अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार तहसील अशोकनगर का प्रकरण क्रमांक 28/अ-6/2014-15 में पारित आदेश दिनांक 27.04.2015 के विरुद्ध इस न्यायालय में अपील पेश की है उक्त अपील में जिस किसी व्यक्ति का हित अथवा आवश्यक पक्षकार हो वह न्यायालय में पेशी दिनांक 10/11/2025 तक अपनी आपत्ति स्वयं उपस्थित होकर अथवा उचित माध्यम से प्रकरण में प्रस्तुत कर सकता है। वाद म्याद गुजरने उपरांत किसी भी प्रकार का आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
यह विज्ञप्ति मेरी पद मुद्रा हस्ताक्षर से जारी है।
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)
अनुभाग-अशोकनगर